**पंखाजनूर में बंगला देश के शरणार्थियों का पुनर्वास**

2486. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या पूर्ति तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बस्तर (मध्य प्रदेश) जिले के पंखाजनूर में बंगला शरणार्थी बसाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने शरणार्थी परिवार बसाये गये हैं और वे कब से वहां रह रहे हैं ;

(ग) उक्त परिवारों में से कितने परिवारों को अस्थायी पट्टे पर कृषि-योग्य भूमि दी गयी है ; और

(घ) क्या सरकार उन्हें स्थायी पट्टे के आधार पर भूमि देने का विचार रखती है ?

**पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) :** (क) जी, हां ।

(ख) 1958 मे दण्डकारण्य विकास परियोजना के आरंभ से अब तक परियोजना के परलकोट जोन (पाखन जोर में जोनल मुख्यालय) में भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यक्तियों के 7751 परिवार बसाये गये हैं ।

(ग) 7464 परिवारों को कृषि में पुनर्वास दिया गया है और स्वामित्व के आधार पर कृषि भूमि दी गई है ।

(घ) सर्वेक्षण तथा पुनर्वास कार्यों के पूरा हो जाने और स्थायी पट्टे तैयार हो जाने के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा इन परिवारों को स्थायी पट्टे दिए जाएंगे । अन्तरिम उपाय के रूप में उन्हें अस्थायी पट्टे जारी किए जा रहे है और अब तक 5260 परिवारों को स्थायी पट्टे जारी किए गए हैं ।

**खंडवा में इंडियन आयल का डीलर**

2487. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खंडवार (मध्य प्रदेश) में डीजल और मिट्टी के तेल की बिक्री हेतु इंडियन ऑयल का अधिकृत डीलर अशोक एण्ड कम्पनी है ;

(ख) क्या हाल ही में उक्त अशोक एण्ड कम्पनी से लिये गये डीजल और मिट्टी के तेल के सैम्पलों की जांच की गई थी तथा उनमें मिलावट पाई गई थी ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कम्पनी के मालिक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी. शिव शंकर):** (क) जी, हां ।

(ख) उक्त फुटकर बिक्री केन्द्र से लिये गये डीजल के नमूनों का परीक्षण किया गया और उसके साथ मिट्टी के तेल की मिलावट रिपोर्ट की गई ।

(ग) खंडवा के कलेक्टर के अनुदेशों के अधीन मामले की आगे और जांच किये जाने तक डीलर को मिट्टी के तेल की सप्लाई बन्द कर दी गई है ।

**Dandakaranya Project**

2488. SHRI ASHWANI KUMAR: Will the Minister of SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state.

(a) whether Government's attention has been drawn to a news item appearing in the 'Chronicle' published from Raipur regarding handing over of Dadakaranya Project to the concerned State Governments;

(b) if so, what steps are being taken as regards the meeting of expenses of those projects and whether the Centre or the State Governments will bear the same; and

(c) what steps are proposed to be taken by Government to ensure that the service condition, pay scales and other facilities given to the employees by the Central Government are continued by the respective State Governments?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO) : (a) Yes, Sir. Government have seen a news item under the caption "Dandakaranya to be handed over to MP" which appeared in the "Chronicle" dated 21-11-1981 published from Raipur.

(b) Government of India have decided to transfer the assets and institutions created by the Dandakaranya Development Authority to the concerned State Governments free of cost. Government of India have also agreed to provide funds to make up the deficiencies in those assets and also their maintenance cost till the end of 1983-84 or till a further period as may be agreed to.

(c) The Government of Madhya Pradesh have agreed to take over the employees of the Dandakaranya project and absorb them in the appropriate scales of pay and give them the protection of their pay etc. Details will be worked out by a Committee appointed by the State Government. A similar Committee is also examining various aspects in Orissa.

**Aromatics Project in Kerala**

2489. SHRI C. HARIDAS : Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether there is a proposal under Government's consideration to set up an Aromatics Project in Kerala; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI P. SHIV SHANKAR) (a) and (b) It has been decided to set up a plant in the refinery of Cochin Refineries Limited to manufacture benzene. Details are yet to be finalised.

**इंधन गैस में मिलावट**

2490. श्री कलराज मिश्र : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इंधन-गैस में मिलावट किये जाने की जानकारी है ; और

(ख) इस संबंध में दोषी पाये गये व्यक्तियों/संगठनों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी. शिव शंकर) : (क) जहां तक इस मंत्रालय का सम्बन्ध है, व्यापारिक मान पर विपणन की जाने वाली इंधन-गैस केवल प्राकृतिक/सम्बद्ध गैस और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एल. पी. जी०) है। तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (ओ एन जी सी०) तथा आयल इंडिया लिमिटेड (ओ आई. एल ) द्वारा पाइपलाइनों के माध्यम से महाराष्ट्र, गुजरात, असम आदि में चुने गए ग्राहकों को प्राकृतिक गैस की सप्लाई की जा रही है और इसकी मिलावट के लिए वास्तविक रूप में कोई गुंजाइश नही है । एल पी जी में मिलावट करना तकनीकी रूप से संभव नहीं समझा गया है। इन इंधन गैसों की मिलावट के सम्बन्ध में मंत्रालय मे अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।